# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 27.1.2026 | -- | -- |

# संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का जीवंत दर्शन : प्रो. बलदेव राज काम्बोज




**हिसार ( समस्त हरियाणा न्यूज )**। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा गिरी सेंटर में आयोजित 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट करने वाली टुकड़ियों की सलामी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमार भी मौजूद रही। प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान लागू कर स्वयं को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। यह उपलब्धि उन ज्ञात एवं अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों, संविधान निर्माताओं और महान विभूतियों के त्याग, बलिदान और दूरदर्शिता का परिणाम है, जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। हमारे संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का जीवंत दर्शन है। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। कुलपति ने कहा कि हमारे देश ने आजादी के पश्चात प्रत्येक क्षेत्र में आशातीत प्रगति की है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। देश ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। ईमानदारी, अनुशासन, सामाजिक समरसता और देश प्रेम यही सच्ची राष्ट्र सेवा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान, कौशल और चरित्र के बल पर भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्व गुरु बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आगे आए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के स्वप्न को साकार करने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने संविधान के मूल्यों का सम्मान करने, देश की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा एक बेहतर समर्थ और न्यायपूर्ण भारत के नव निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राष्ट्र ध्वज को सलामी देते हुए शानदार मार्च पास्ट किया। छात्र एवं छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने सभी का स्वागत किया जबकि धन्यवाद प्रस्ताव सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा ने पारित किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 27.1.2026 | -- | -- |

# संविधान राष्ट्र निर्माण का जीवंत दर्शन: प्रो. काम्बोज

पांच बजे न्यूज



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा गिरी सेंटर में आयोजित 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट करने वाली टुकड़ियों की सलामी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमार भी मौजूद रही।

प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान लागू कर स्वयं को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। यह उपलब्धि उन ज्ञात एवं अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों, संविधान निर्माताओं और महान विभूतियों के त्याग, बलिदान और दूरदर्शिता का परिणाम है, जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। हमारे संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का जीवंत दर्शन है। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

कुलपति ने कहा कि हमारे देश ने आजादी के पश्चात प्रत्येक क्षेत्र में आशातीत प्रगति की है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। देश ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। ईमानदारी, अनुशासन, सामाजिक समरसता और देश प्रेम यही सच्ची राष्ट्र सेवा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान, कौशल और चरित्र के बल पर भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्व गुरु बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आगे आए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के स्वप्न को साकार करने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने संविधान के मूल्यों का सम्मान करने, देश की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा एक बेहतर समर्थ और न्यायपूर्ण भारत के नव निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया।

**मार्चपास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राष्ट्र ध्वज को सलामी देते हुए शानदार मार्च पास्ट किया। छात्र एवं छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने सभी का स्वागत किया जबकि धन्यवाद प्रस्ताव सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा ने पारित किया।

इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 28-1-26 | 3 | 1-4 |

# संविधान राष्ट्र निर्माण का जीवंत दर्शन : बीआर काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा गिरी सेंटर में आयोजित 77वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट करने वाली टुकड़ियों की सलामी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमार भी मौजूद रही।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान लागू कर स्वयं को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। यह उपलब्धि उन ज्ञात एवं अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों, संविधान निर्माताओं और महान विभूतियों के त्याग, बलिदान और दूरदर्शिता का परिणाम है, जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। हमारे संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डा. एसके पाहुजा ने सभी का स्वागत किया जबकि धन्यवाद प्रस्ताव सह छात्र कल्याण निदेशक डा. सुशील लेगा ने पारित किया।